AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

आयुर्वेद और यूनानी संकाय पीएचडी आर्डिनेंस से बाहर

आयुर्वेद व यूनानी कॉलेज के गोरखनाथ विवि से संबद्ध होने के बाद लविवि का फैसला

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रस्तावित पीएचडी आर्डिनेंस से आयुर्वेद और यूनानी संकाय को बाहर कर दिया गया है। अब इन दोनों संकाय में विवि के आर्डिनेंस के हिसाब से दाखिले नहीं होंगे। असल में शासन ने राजकीय आयुर्वेद और यूनानी कॉलेज को गोरखपुर के महायोगी गोरखनाथ विवि से संबद्ध कर दिया है। दूसरे विवि से कॉलेजों की संबद्धता के कारण लविवि ने इनको अपने आर्डिनेंस से बाहर किया है।

हालांकि, इन दोनों महाविद्यालयों के वर्तमान छात्र लविवि से जुड़कर ही पढ़ाई करते रहेंगे। नए प्रवेशित विद्यार्थी महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय से संबद्ध होंगे।

लविवि में इस समय यूजीसी के निर्देश के बाद पीएचडी का नया आर्डिनेंस तैयार किया जा रहा है। इसके तहत कई बदलाव किए जा रहे हैं। विवि के सभी संकाय तथा संस्थानों को आर्डिनेंस के तहत पीएचडी कराने का अधिकार होता है। प्रदेश सरकार ने पिछले साल प्रदेश के सभी यूनानी और आयुर्वेद कॉलेजों को महायोगी गोरखनाथ विवि से संबद्ध कर दिया है।

अभी तक लखनऊ के यूनानी और आयुर्वेद कॉलेज लविवि का हिस्सा थे, लेकिन नए फैसले के बाद अब इनके प्रवेश संबंधित विवि के तहत होंगे। हालांकि, नए प्रवेश के अलावा बाकी विद्यार्थियों को अभी लविवि की डिग्री ही मिलेगी। इसी वजह से पीएचडी के नए प्रवेश के लिए इन दोनों को संकायों बाहर कर दिया गया है। लविवि की डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इन दोनों कॉलेजों के दूसरे विवि से संबद्ध होने के कारण अब पीएचडी आर्डिनेंस से दोनों को बाहर कर दिया गया है।

इस समय हैं 10 संकाय

लविवि में इस समय कला, वाणिज्य, विज्ञान, शिक्षा, फार्मा, योगा, शिल्पकला, इंजीनियरिंग, यूनानी और आयुर्वेद संकाय हैं। यूनानी और आयुर्वेद के सभी स्टूडेंट्स के पास होने के बाद इन संकायों को विवि के अधिनियम से समाप्त करने पर विचार किया जाएगा। लविवि से जहां इन दो संकायों को हटाने पर विचार होना है तो दूसरी ओर विवि में प्रबंधन के नाम से एक अन्य संकाय भी जुड़ सकता है। इसका प्रस्ताव फैकल्टी बोर्ड से पास हो चुका है। एकेडमिक काउंसिल और कार्य परिषद से इसका प्रस्ताव पास होने के बाद ये बदलाव व्यवहार में आएंगे।

रिज्यूमे और सीवी का अंतर समझाया

लखनऊ। लविवि के मनोविज्ञान विभाग की ओर से सोमवार को विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला की अध्यक्षता में एम्प्लॉयेबिलिटी एंड कम्युनिकेशन स्किल्स : रिज्यूमे राइटिंग एंड इंटरव्यू प्रिपरेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता कर्नल संजय त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को रिज्यूमे और सीवी के बीच का अंतर समझाया और व्यवसायिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जरूरी कौशल के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संजय त्रिपाठी, मेघा सिंह सहित तमाम विद्यार्थी मौजूद रहे। (संवाद)

लविवि : परांजपे ग्राउंड पर तीन हजार विद्यार्थी करेंगे योग

लखनऊ। विश्व योग दिवस 21 जून को लविवि के परांजपे ग्राउंड पर तीन हजार विद्यार्थी एक साथ योग करेंगे। योग करने वाले विद्यार्थियों को गेट संख्या 4 व 5 से प्रवेश दिया जाएगा। शिक्षक गेट संख्या 1 व 2 से प्रवेश करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोपाल और नागपुर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान होंगे। आयोजन को लेकर सोमवार को कुलसचिव संजय मेधावी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक में प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि योग में प्रतिभागी सभी लोगों को विवि मुफ्त टी-शर्ट प्रदान करेगा। (संवाद)

NBT PAGE 4

पीएचडी ऑर्डिनेंस में आयुर्वेद, यूनानी फैकल्टी नहीं

■ एनबीटी सं, लखनऊः एलयू के संशोधित पीएचडी ऑर्डिनेंस में यूनानी व आयुर्वेद फैकल्टी को शामिल नहीं किया गया है। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन के मुताबिक, गोरखपुर स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि से पूरे प्रदेश के आयुष व यूनानी कॉलेजों को सम्बद्धता मिल गई है। लिहाजा एलयू के संशोधित पीएचडी ऑर्डिनेंस में अब इन्हें शामिल नहीं किया जा सकता है। फिलहाल एलयू के आयुर्वेद व यूनानी फैकल्टी के दूसरे, तीसरे व चतुर्थ वर्ष के स्टूडेंट्स की परीक्षा कराई जाएगी। इन स्टूडेंट्स के पास होने के बाद यह फैकल्टी अस्तित्व में नहीं रहेगी।

तैयारी | एलयू में एक लाख से अधिक छात्र और शिक्षक लेंगे हिस्सा

योग के लिए आने वालों को देंगे फ्री टी-शर्ट

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में योग में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स, शिक्षकों और अन्य स्टाफ को फ्री में टी-शर्ट दी जाएगी। एलयू की ओर से आयोजित योग कार्यक्रम में अलग-अलग स्थानों पर एक लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एलयू में सोमवार को एक बैठक हुई।

तय कार्यक्रम के अनुसार, एलयू ओल्ड कैंपस में करीब 3000 स्टूडेंट्स योग करेंगे। वहीं रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर और लखनऊ के संबद्ध कॉलेजों में भी योग सत्र आयोजित होंगे। ऐसे में इनमें करीब एक लाख से अधिक छात्र हिस्सा लेंगे। एलयू सभी प्रतिभागियों को फ्री टी-शर्ट उपलब्ध कराएगा। शिक्षकों को आल्ड कैंपस में गेट संख्या 1 और 2 से प्रवेश करना होगा। स्टूडेंट्स को गेट संख्या 4 और 5 प्रवेश मिलेगा। छात्रावास में रहने वाले स्टूडेंट्स और शोधार्थियों को योग में भागीदारी अनिवार्य है। टी-शर्ट वितरण सुबह 5:30 बजे से शुरू होगा।

पतंजलि के विशेषज्ञ सिखाएंगे योग

■ एनबीटी, राजाजीपुरम : पतंजलि योग पीठ, श्री राम लीला समिति ऐशबाग, पतंजलि योग समिति पश्चिम और भारत स्वाभिमान की ओर से आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ऐशबाग रामलीला मैदान में प्रातःकाल 5:00 बजे से योग शिविर लगाया जाएगा। समिति सचिव आदित्य द्विवेदी ने बताया कि शिविर में पतंजलि योग के विशेषज्ञ स्वामी अभिषेक देव, अवधेश पांडेय, रमेश चंद्र और सूर्य प्रकाश योग के आसन सिखाएंगे।

एपी सेन महाविद्यालय में लगाया योग शिविर

■ एनबीटी, लखनऊ : एपी सेन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव के निर्देशन में सोमवार को कॉलेज परिसर में योग शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में उप्र नॉन ओलिंपिक असोसिएशन के योगाचार्य जितेंद्र शर्मा ने आसन-प्राणायाम सिखाए। शिविर में प्रो.मोनिका श्रीवास्तव, प्रो.रश्मि श्रीवास्तव, मोनिका अवस्थी और कंचन मिश्रा भी शामिल रहे।

योग को लेकर फैलाई जागरूकता

■ एनबीटी, लखनऊ : डॉ.शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सोमवार को काकोरी के पठौरा ब्लॉक के ग्राम सलेमपुर में योग शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका अनुपमा मिश्रा और दीक्षा ने स्वयं सेवकों और ग्रामीणों को योग कराया।

HINDUSTAN PAGE 6

रिज्यूमे और सीवी का फर्क जाना

लखनऊ। एलयू के मनोविज्ञान विभाग में छात्रों को रिज्यूमे और सीवी में फर्क बताया गया। 'एम्प्लॉयिंग एंप्लॉयबिलिटी एंड कम्युनिकेशन स्किल्स रिज्यूमे राइटिंग एंड इंटरव्यू प्रिपरेशन' पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां मुख्य वक्ता कर्नल संजय त्रिपाठी ने बताया कि संचार हमेशा कुरकुरा, स्पष्ट और पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने रिज्यूमे और सीवी में फर्क के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एलयू में तीन हजार, कॉलेजों में एक लाख छात्र करेंगे योग

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लगभग तीन हजार छात्र योग करेंगे। इसी तरह पांचों जिलों के सम्बद्ध महाविद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखनऊ, भोपाल और नागपुर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान होंगे।

एलयू में योग दिवस पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। विवि ने गोमती नदी में 'योग ऑन द बोट', पानी में प्लावनी प्राणायाम और गर्भवती महिलाओं के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए। सोमवार को विवि में बैठक में फैसला हुआ कि मुख्य परिसर में तीन हजार, कॉलेजों में एक लाख से अधिक छात्र भाग लेंगे। छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रो. पूनम टंडन का कहना है कि छात्रों के स्वास्थ्य को विवि प्रतिबद्ध है।

काकोरी शहीद स्मारक पर होगा योगाभ्यास

योग दिवस पर योगाभ्यास के लिए बाजनगर काकोरी शहीद स्मारक को भी चुना गया है। यह स्थल प्रमुख स्थानों की सूची में रखा है। सोमवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार तैयारियां देखने काकोरी पहुंचे।

i-NEXT PAGE 4

योग दिवस के भव्य आयोजन की तैयारियों में जुटा एलयू

मुख्य परिसर के परांजपे ग्राउंड में लगभग 3,000 छात्र योग करेंगे

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (19 June): लखनऊ यूनिवर्सिटी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर भव्य आयोजन की तैयारी में जुटा है. सोमवार को योग को लेकर एक बैठक हुई. इस बैठक में संकायाध्यक्षों, कुलसचिव संजय मेधावी, अधिष्ठाता कॉलेज विकास परिषद प्रो. अवधेश त्रिपाठी, प्रो. राकेश द्विवेदी, मुख्य कुलानुशासक, गार्डन एवं ग्राउंड के निदेशक प्रो. एसएन पांडेय, कार्य विभाग के अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष और कोऑर्डिनेटर एनएसएस प्रो. रुपेश कुमार और मुख्य अभिरक्षक प्रो. अनूप सिंह ने प्रतिभाग किया. इस बैठक में प्रो. पूनम टंडन, आयोजन सचिव व अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने व्यवस्थाओं और योग दिवस के आयोजन पर चर्चा की.

एक लाख छात्र जुड़ेंगे

लखनऊ यूनिवर्सिटी के मुख्य परिसर के परांजपे ग्राउंड में लगभग 3,000 छात्र योग करेंगे. सेकंड कैम्पस में योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक संख्या में लोग भाग ले सकें. रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर और लखनऊ के संबद्ध कॉलेजों में योग सत्र आयोजित होंगे, जहां एक लाख से अधिक छात्र भाग लेंगे. एलयू सभी प्रतिभागियों को मुफ्त टीशर्ट देगा. साथ ही स्वल्पाहार भी दिया जाएगा. शिक्षकों को गेट संख्या 1 और 2 से प्रवेश करने की सलाह दी गई है, जबकि छात्रों को गेट संख्या 4 और 5 का प्रयोग करने की सलाह दी गई है. छात्रावास में रहने वाले छात्रों और शोधार्थियों की भागीदारी अनिवार्य है.

● छात्रावास में रहने वाले छात्रों और शोधार्थियों की भागीदारी इस आयोजन में अनिवार्य है.

● एलयू सभी प्रतिभागियों को मुफ्त टीशर्ट देगा. साथ ही उन्हें स्वल्पाहार भी दिया जाएगा.

बलराज चौहान मुख्य अतिथि

कार्यक्रम के मुख्य अथिति प्रो. बलराज चौहान होंगे, जो लखनऊ, भोपाल और नागपुर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलपति रह चुके हैं. एलयू की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि छात्रों में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है. वीसी आलोक कुमार राय के मुताबिक, इस कार्यक्रम के जरिए योग के प्राचीन अभ्यास व इससे होने वाले शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों को बढ़ावा देना है.

पीजीआई में योग सप्ताह

संजय गांधी पीजीआई के डॉक्टरों और स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों और उनके परिवारों द्वारा सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह मनाया गया. इस विषय पर जागरूकता पैदा करने और संवेदनशील बनाने के इरादे से पोस्टर प्रतियोगिता समिति और अस्पताल प्रशासन विभाग द्वारा एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पीजी छात्र, इंटर्न और उनके परिवार के सदस्य दो श्रेणियों में शामिल थे. वहीं, विजेताओं को दस हजार, पांच हजार और तीन हजार रुपये कैश प्राइज और सर्टिफिकेट के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा.

100 स्थानों पर योग शिविर

एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एलयू में 27 मई से योग दिवस को लेकर सेमिनार, कार्यशाला और प्रतियोगिताएं शामिल कराई जा रही हैं. इनमें गोमती नदी में योग ऑन द बोट, पानी में प्लावनी प्राणायाम, गर्भवती महिलाओं के लिए योग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग के कार्यक्रम कराए गए हैं. योग को बढ़ावा देने के लिए विवि ने शहर के 100 अलग-अलग स्थानों पर एक सप्ताह के योग शिविर आयोजित किए हैं. इन शिविरों में लोगों को योगाभ्यास सिखाया जा रहा है.

रिज्यूमे राइटिंग के टिप्स सीखे

LUCKNOW: एलयू के मनोविज्ञान विभाग ने सोमवार को एम्प्लॉयिंग एंप्लॉयबिलिटी एंड कम्युनिकेशन स्किल्स: रिज्यूमे राइटिंग एंड इंटरव्यू प्रिपरेशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया. इस दौरान मनोविज्ञान विभाग की डॉ. अर्चना शुक्ला ने रोजगार और संचार कौशल के व्यावहारिक पहलुओं को विकसित करना और समझना और फिर से शुरू करने और साक्षात्कार की तैयारी के बारे में अंतर्दृष्टि विकसित करने से जुड़ी जानकारी दी. सत्र के वक्ता कर्नल संजय त्रिपाठी, लाइफ कोच और पूर्व सेना अधिकारी रहे. उन्होंने रिज्यूमे और सीवी के बीच के अंतर की बुनियादी समझ के साथ सत्र की शुरुआत की.

JAGRAN CITY PAGE I & III

साक्षात्कार की तैयारी के दिए टिप्स

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में सोमवार को 'रोजगार और संचार कौशल में वृद्धि : संक्षिप्त विवरण लेखन और साक्षात्कार की तैयारी' विषय पर कार्यक्रम हुआ। वक्ता कर्नल संजय त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को रेज्यूमे व सीवी के बीच अंतर समझाने के साथ उसे तैयार करने का सही तरीका बताया। पेशेवर क्षेत्र में आवश्यक कौशल के भी टिप्स दिए। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डा. अर्चना शुक्ला, डा. मेघा सिंह भी उपस्थित रहीं। (जासं)

हास्टल के लिए 23 तक आवेदन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2022-23 के पीएचडी शोधार्थियों को हास्टल के लिए 23 जून तक आवेदन का मौका दिया है। चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण शुक्ल 50 रुपये है। हास्टल का आवंटन 30 जून तक कर दिया जाएगा। (जासं)

छह घंटे से अधिक और 63 किमी से तेज हवा बनाती है चक्रवात

जासं, लखनऊः जब हम समुद्र तल से ऊपर की ओर बढ़ने लगते हैं तो 165 मीटर ऊपर जाने पर हवा का तापमान एक डिग्री सेल्सियस कम हो जाता है। इससे हवा ठंडी होने लगती है। यही हवा संगठित होकर बरसात का कारण बनती है। सोमवार को दैनिक जागरण कार्यालय में जागरण विमर्श के वक्ता रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रोफेसर ध्रुवसेन सिंह ने मौसम के बदलाव और चक्रवात के पहलुओं पर बात की।

प्रो. ध्रुवसेन ने बताया कि सबसे धीरे चक्रवात की गति 63 किलोमीटर प्रति घंटे होती है। छह घंटे तक लगातार आने वाले तूफान को ही चक्रवात का नाम दिया जाता है। सबसे तेज चक्रवात की गति 200 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक दर्ज हो सकती है। भारत के विभिन्न जगहों पर दर्ज हुआ बिपर्जय तूफान तीसरी श्रेणी का तूफान था। इसकी गति 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के आसपास दर्ज हुई है।

देश के मौसम पर प्रो. ध्रुव सेन ने कहा कि भारत की जलवायु उष्णकटिबंधीय यानी ट्रापिकल क्लाइमेट है। हिमालय भारत के दक्षिण में है जिससे मौसम नियंत्रित होता है। दूसरा, हिंद महासागर के शीर्ष पर भारत स्थित है। तीसरा, कर्क रेखा भारत के बीचोबीच से गुजरती है। कर्क रेखा और भूमध्य रेखा तथा भूमध्य और मकर रेखा के बीच के स्थान को उष्णकटिबंधीय क्षेत्र कहा जाता है। प्रो. ध्रुवसेन कहते हैं कि किसी भी चक्रवात को ऊर्जा दो तरह से मिलती है। भारत उत्तरी गोलार्ध में आता है तो यहां की चीजें दाईं और दक्षिणी गोलार्ध की चीज बायीं ओर पृथ्वी के अक्ष पर घूमने के कारण विस्थापित होती हैं।

200 किमी प्रति घंटे से अधिक दर्ज होती है चक्रवात की गति

पहली बारिश में न नहाएं

प्रो. ध्रुव सेन ने बताया कि मानसून की पहली बारिश में नहाने से परहेज करें, क्योंकि कई बार बारिश के पानी में प्रदूषक तत्व होते हैं।

प्रो. ध्रुवसेन सिंह

अगले तूफान का नाम 'तेज'

डा. ध्रुव सेन ने बताया कि हर चक्रवात या तूफान के लिए पहले से ही नाम तय होते हैं। वर्तमान में आए चक्रवात ''बिपर्जय'' का नाम बांग्लादेश ने दिया था। वहीं, इसके बाद आने वाले चक्रवात का नाम ''तेज'' होगा। इसे भारत में प्रस्तावित किया है।

कैसे आता है चक्रवात

प्रो. ध्रुवसेन कहते हैं कि चक्रवात शीतोष्ण या उष्णकटिबंधीय प्रकार के होते हैं। भारत में उष्णकटिबंधीय चक्रवात ही आते हैं। हवा हमेशा उच्च वायुदाब से निम्न वायुदाब की ओर चलती है। यदि किसी भी स्थान के चारों ओर निम्न वायुदाब क्षेत्र उच्च वायुदाब से घिर जाए तो हवा ऊपर जाकर ठंडी होती है और बारिश कराती है। ऐसी जगह पर ही चक्रवात का निर्माण होने लगता है। प्रो. ध्रुवसेन कहते हैं कि कभी भी मैदानी इलाकों में चक्रवात नहीं बन सकता, बल्कि मैदानी इलाकों में आते ही चक्रवात खत्म होने लगता है क्योंकि वहां पर बने मकान, पेड़-पौधे तूफान गति कम करते हैं।

संशोधित अध्यादेश से हटेगा आयुर्वेद व यूनानी संकाय

जासं, लखनऊ : लविकी ओर से तैयार किए जा रहे पीएचडी के संशोधित अध्यादेश में अब आयुर्वेद व यूनानी संकाय को शामिल नहीं किया जाएगा। दोनों संस्थान को आयुष विश्वविद्यालय से संबद्धता मिल चुकी है। ऐसे में अब यहां लवि की ओर से पीएचडी या कोई भी नए प्रवेश नहीं दिए जाएंगे। सिर्फ दूसरे, तीसरे व चौथे वर्ष के विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी कराई जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कल, तैयारियां पूरी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन की तैयारी कर ली है। मुख्य परिसर के परांजपे ग्राउंड में लगभग तीन हजार विद्यार्थी व शिक्षक योग करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर बलराज चौहान होंगे। सोमवार को अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की।

उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में मुख्य व द्वितीय परिसर में सुबह निर्धारित समय पर योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक संख्या में लोग भाग ले सकें। रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर और लखनऊ के संबद्ध कालेजों में योग सत्र आयोजित होंगे। इनमें एक लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। विश्वविद्यालय सभी प्रतिभागियों को मुफ्त टी-शर्ट वितरित करेगा।

यहां से मिलेगा प्रवेश : शिक्षकों को गेट संख्या एक व दो से प्रवेश करने तथा विद्यार्थियों को गेट संख्या चार व पांच का प्रवेश करने की सलाह दी गई है। छात्रावास में रहने वाले छात्रों और शोधार्थियों की भागीदारी अनिवार्य है। टी-शर्ट वितरण सुबह 5:30 बजे से शुरू होकर 6:15 बजे तक जारी रहेगा। सभी छात्र-छात्राओं को सुबह 6:30 बजे तक अपने निर्धारित स्थानों पर रहना होगा।

एपी सेन कालेज में लगा योग शिविर: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज में सोमवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश नान ओलिंपिक एसोसिएशन से आए योगाचार्य जितेंद्र शर्मा ने एनएसएस, एनसीसी की छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं को विभिन्न प्रकार के आसन-प्राणायाम तथा उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए उसका अभ्यास भी कराया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफे रचना श्रीवास्तव, प्रो. मोनिका श्रीवास्तव, प्रो. रश्मि श्रीवास्तव व अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्षमता को बढ़ाता है योग: डा. एशोने अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार को योग सप्ताह की शुरुआत गायत्री मंत्र से हुई। इसके बाद विभिन्न आसन कराए गए।

वहीं, प्राणायाम के तहत भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी कराया गया। प्रशिक्षक अमित त्रिपाठी और योग प्रशिक्षक राहुल कुमार ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को योग के

एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज में योग करती छात्राएं • सौ. वेबसाइट

TOI PAGE 3

Youth power to add to enthusiasm

Over one lakh students from the Lucknow University and associated colleges will perform yoga on International Yoga Day on Wednesday. LU authorities have mandated the participation of research scholars and hostellers. "Around 3,000 students will gather at Paranjape Ground on the main campus for a yoga session, while simultaneous sessions will be held on the second campus to accommodate more participants. Associated colleges in Raebareli, Hardoi, Lakhimpur, Sitapur, and Lucknow will organise yoga sessions, with an expected participation of over one lakh students," said dean of student welfare, Prof Poonam Tandon. The university will provide free T-shirts to all participants on the LU campus. "LU invites all its students, teaching and non-teaching staff to celebrate Yoga Day and understand how yoga helps physical and mental well-being," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai. TNN

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में जुटा लविवि

लखनऊ (एसएनबी) । अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को होने वाले भव्य आयोजन को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय पूरी तरह से जुट गया है, जिसमें सेमिनार, कार्यशाला और प्रतियोगिताएं शामिल थी। लखनऊ विश्वविद्यालय का कहना है कि उसके मुख्य परिसर के परांजपे ग्राउंड में लगभग 3,000 छात्र योग का प्रदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि गोमती नदी में 'योग ऑन द बोट', पानी में 'प्लावनी प्राणायाम', गर्भवती महिलाओं के लिए योग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग जैसे अद्वितीय कार्यक्रम आयोजित किए है। योग को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय ने शहर के 100 अलग-अलग स्थानों पर एक सप्ताह के योग शिविर आयोजित किए। योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इसके अलावा द्वितीय परिसर में योग सत्र आयोजित किया जाएगा जिसमें रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर और लखनऊ के संबद्ध कॉलेजों में योग सत्र होंगे, जहां एक लाख से अधिक छात्र भाग लेंगे।

लविवि के मुख्य परिसर में लगभग 3,000 छात्र करेंगे योग

गेट नंबर 1 से शिक्षक और 4 से प्रवेश लेंगे छात्र : विश्वविद्यालय के शिक्षकों को गेट संख्या 1 और 2 से प्रवेश करने की सलाह दी गई है, जबकि छात्रों को गेट संख्या 4 और 5 का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। छात्रावास में रहने वाले छात्रों और शोधार्थियों की भागीदारी अनिवार्य है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने व्यक्तियों के शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिए योग के समग्र लाभों की प्रशंसा की है।

राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने भी किया योगाभ्यास : 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन वेसिक शिक्षा विभाग के महिला शिक्षक संगठन ने गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्रा पार्क में प्रातः 6:00 वजे किया। योग शिविर में मुख्य अतिथि ग्राम्य विकास विभाग की राज्यमंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य समेत सैकड़ों महिला शिक्षकों ने योगाभ्यास किया।

भातखंडे संस्कृति विवि में भी हुआ योगाभ्यास : कैसरवाग स्थित भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में भी योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कुलपति श्रीमती मांडवी सिंह समेत दर्जनों शिक्षिकाएं, शोध छात्र ने योगाभ्यास किया।

शहीद स्मारक पर होगा योगाभ्यास : डीएम सूर्यपाल गंगवार ने 9वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को देखते हुए वाजनगर काकोरी शहीद स्मारक पहुंचे। वहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। बताया कि शहीद स्मारक पर योगाभ्यास किया जायेगा। शहीद स्मारक के मैदान पर घास की कटाई, साफ-सफाई व लेवलिंग कराने का निर्देश डीएम ने दिये।

योग करिए निरोग रहिए : गुल फाउंडेशन की ओर से तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिक्षिका दिव्या सिंह ने लोगों को योग की वारीकी वतायी। संस्था प्रमुख गुलेराना सईद ने वताया कि आज के व्यस्त जीवन में योग अपने आप मे किसी वरदान से कम नही है। इस शिविर के माध्यम से हम जन मानस में योग के प्रति जागरूकता फैलाने की कोशिश करेंगे।

आज खुलेंगे प्राथमिक स्कूल, होगी योग की तैयारी : राजधानी के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में योग दिवस पर योग कराने के लिए मंगलवार से स्कूल खुलेंगे। इस संवंध में पिछले दिनों उप्र वेसिक शिक्षा परिषद सचिव प्रताप सिंह वघेल ने आदेश जारी किया था, जिसमें स्पष्ट किया गया था कि सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 1 दिन पूर्व साफ सफाई और तैयारी इत्यादि के लिए खोला जाएगा और इसके वाद 21 जनवरी को सभी वच्चों के साथ योगाभ्यास कार्यक्रम किया जाए। वेसिक शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने वताया कि राजधानी के 1618 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर साफ-सफाई व अन्य तैयारियां पूरी की जाएंगी, तथा 21 जून को सभी वच्चों को स्कूल वुलाकर योगाभ्यास कराया जाएगा।

VoL PAGE 6

लविवि में एक साथ तीन हजार छात्र करेंगे योग

लखनऊ। योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है योग के प्राचीन अभ्यास की प्रशंसा करना और इसके होने वाले शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों को बढ़ावा देना। लखनऊ विश्वविद्यालय ने 27 मई से योग दिवस की धूम मचाई है, जिसमें सेमिनार, कार्यशाला और प्रतियोगिताएं शामिल थीं। गोमती नदी में योग ऑनद बोट, पानी में प्लावनी प्राणायाम, गर्भवती महिलाओं के लिए योग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग जैसे अद्वितीय कार्यक्रमों ने विशेष ध्यान और मीडिया कवरेज प्राप्त की है। योग को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय ने शहर के 100 अलग- अलग स्थानों पर एक सप्ताह के योग शिविर आयोजित किये हैं। इन शिविरों में लोगों को योग की बेहतरीन अनुभव प्राप्त करने का अवसर और उनके सामान्य कल्याण को बढ़ावा मिल रहा है। योग के लाभ को और अधिक समुदाय तक पहुंचने के लिए और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में एक बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में संकायाध्यक्षों, कुलसचिव संजय मेधावी, अधिष्ठाता कॉलेज विकास परिषद (सीडीसी) प्रो. अवधेश त्रिपाठी, प्रो. राकेश द्विवेदी, मुख्य कुलानुशासक, गार्डन एवं ग्राउंड के निदेशक प्रो. एसएन पांडेय, कार्यविभाग के अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष और कोऑर्डिनेटर एनएसएस प्रो. रुपेश कुमार, और मुख्य अभिरक्षक प्रो. अनूप सिंह ने प्रतिभाग किया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि में योग दिवस की तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लगभग तीन हजार छात्र योग करेंगे। इसी तरह पांचों जिलों के सम्बद्ध महाविद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखनऊ, भोपाल और नागपुर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान होंग